# बीएचईएल ने उत्कृष्टता उत्सव का आयोजन किया
# माननीय केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री ने बीएचईएल के प्रतिभावान कर्मचारियों को 'एक्सेल पुरस्कार' प्रदान किए




वाराणसी, 17 सितंबर: भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने अपना वार्षिक उत्कृष्टता उत्सव पूरे उत्साह के साथ मनाया। इस उत्सव में प्रतिभावान कर्मचारियों को कंपनी के 'एक्सेल पुरस्कार' प्रदान किए गए। इस भव्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय ने अपनी गरिमामय उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई तथा कर्मचारियों को पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर बीएचईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, डॉ. नलिन सिंघल, निदेशक मण्डल के निदेशक तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में कंपनी की देशभर में स्थित सभी विनिर्माण इकाइयों, प्रभागों व कार्यालयों के वरिष्ठ अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ऑनलाइन जुड़े।

समारोह में डॉ. पांडेय ने बीएचईएल की विभिन्न इकाइयों के 65 कर्मचारियों (3 महिला कर्मचारियों सहित) की 12 टीमों को एक्सेल पुरस्कार प्रदान किए। इन पुरस्कारों में **उत्कृष्टता पुरस्कार** - सर्वांगीण उत्कृष्टता के लिए; **उत्कृष्ट तकनीकी प्रकाशन पुरस्कार** - तकनीकी पेपर / बुकलेट / पुस्तक के प्रकाशन के लिए, **अनुसंधान पुरस्कार** -अनुसंधान एवं विकास के लिए, **ग्राहक संतुष्टि पुरस्कार** - ग्राहक संतुष्टि के लिए, **उत्पादकता पुरस्कार** - उत्पादकता बढ़ाने के लिए, **प्रतिबद्धता पुरस्कार** – कठिन प्रतिकूल परिस्थितियों में भी कार्य के प्रति अनुकरणीय प्रतिबद्धता के लिए; तथा **समाज सेवा पुरस्कार** - समाज को उत्कृष्ट योगदान के लिए पुरस्कार शामिल थे। विश्वकर्मा दिवस के अवसर पर विनिर्माण संयंत्र के शॉप फ्लोर में आयोजित विश्वकर्मा पूजा में भी माननीय मंत्री जी उपस्थित रहे।

सभा को संबोधित करते हुए माननीय मंत्री जी ने कहा कि बीएचईएल सदैव सभी अवसरों पर तैयार रहता है। सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों के प्रति कंपनी अपनी प्रतिबद्धता का निरंतर प्रदर्शन करती रही है, चाहे वह कुशल भारत पहल के अंतर्गत शिक्षुओं को नियमित रूप से तकनीकी प्रशिक्षण देना हो या 'मेक इन इंडिया' पहल के अंतर्गत आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाने में सहयोग करना हो।

डॉ. पांडेय ने कहा कि 'आत्मनिर्भर भारत' के अंतर्गत माननीय प्रधानमंत्री जी ने जिन पांच स्तंभों :- अर्थव्यवस्था, अधोसंरचना, प्रणाली, जनसांख्यिकी तथा मांग को मजबूत करने की रूपरेखा तैयार की है, उसमें बीएचईएल महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। यह हमारी आजादी का 75वां वर्ष है और इस 'आजादी के अमृत महोत्सव' में बीएचईएल की महतवपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के अतिरिक्त पर्यावरण पर ध्यान देना तथा स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में स्वयं को मजबूत करना हमारा दायित्व है। इस दिशा में, मैं ऊर्जा के गैर-पारंपरिक स्रोतों के विकास के क्षेत्र में बीएचईएल द्वारा किए जा रहे योगदान की सराहना करता हूं।

मंत्री जी ने अंतरराष्ट्रीय संबंधों और निर्यात को बढ़ाने के उद्देश्य से माननीय प्रधान मंत्री जी के 'मेक इन इंडिया - मेक फॉर द वर्ल्ड' अभियान को साकार करने की दिशा में बीएचईएल की उपलब्धियों की भी सराहना की।

बीएचईएल की एक्सेल पुरस्कार योजना कंपनी के सभी कर्मचारियों के लिए एक अनूठी पीएसयू पुरस्कार योजना है। ये पुरस्कार खेल, सामाजिक या सांस्कृतिक कार्यों आदि में की गई अनुकरणीय उपलब्धियों के अतिरिक्त कंपनी के विकास, लाभप्रदता, ग्राहकों की संतुष्टि तथा तकनीकी विकास के लिए कर्मचारियों द्वारा किए गए सर्वांगीण उत्कृष्टता और योगदान के सम्मान स्वरूप दिए जाते हैं। इन पुरस्कारों के अंतर्गत प्रत्येक टीम को 50,000/- रुपये से 2,50,000/- रुपये तक के नकद पुरस्कार के साथ कुछ विशेषाधिकार दिए जाते हैं। इस योजना में पुरस्कार विजेताओं के चयन हेतु एक जटिल आंतरिक जांच प्रक्रिया है तथा पुरस्कार विजेताओं का चयन बाहरी निर्णायक मंडल द्वारा किया जाता है।

---